





नवभारत
भोपाल, बुधवार ,04 फरवरी, 2026


## एक नजर में

म.प्र. शासन



### एडीएम ने किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

**आष्टा.** एडीएम वृंदावन सिंह ने आष्टा एवं जावर तहसील कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के निर्देश दिए. उन्होंने नो-मैपिंग वोटर्स की सुनवाई, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के निराकरण तथा दावे-आपत्तियों के निपटारे की स्थिति की जानकारी लेते हुए सहायक एईआरओ, बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया. निरीक्षण के दौरान एसडीएम नितिन टाले, तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंघला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



### कलेक्टर-एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

**आष्टा.** कलेक्टर बालागुरू के और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने आष्टा स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर एग्रीकल्चर रिसर्च इन दा ड्राई एरियास पहुंचकर 7 फरवरी को प्रस्तावित किसान सम्मेलन एवं लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का शामिल होना प्रस्तावित है. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, यातायात, बैठक, सुरक्षा एवं अन्य तैयारियों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. इस दौरान एएसपी सुनीता रावत, एसडीएम नितिन टाले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



### बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में दिया प्रशिक्षण

**सीहोर.** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के संबंध में जिले के सभी 101 परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया. बैठक में डीईओ संजय सिंह तोमर ने सभी केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए. बैठक में जानकारी दी गई कि परीक्षाओं के दौरान जिला एवं विकासखंड स्तर पर निरीक्षण दल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर प्रेक्षकों की नियुक्ति भी की जाएगी. जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 101 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें से 5 परीक्षा केंद्र अति संवेदनशील की श्रेणी में हैं.



### कलश यात्रा के साथ श्री नर्मदा महापुराण कथा शुरू

**बुधनी.** समीपस्थ ग्राम पीलीकरार में संगीतमय श्री नर्मदा महापुराण कथा का शुभारंभ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हुआ. कलश यात्रा में बड़ी सं या में माताएं-बहनें सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कथा स्थल तक पहुंची .श्री नर्मदा महापुराण कथा का वाचन कथा वाचक सुश्री नित्या किशोरी शर्मा के मुखारबिंद से किया जाएगा. कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है. आयोजन का समापन 9 फरवरी को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा. आयोजन समिति द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है.



### शहर का नाम रोशन करने वालों का नपाध्यक्ष करेंगे सम्मान

**सीहोर.** मंगलवार नगरपालिका में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा एक विशेष बैठक आयोजित की गई. जिसमें सीहोर गौरव सम्मान समारोह के आयोजन एवं नपा स्वच्छता का संकल्प पर चर्चा की गई. नपा ने स्वच्छता में देश में अव्वल आने का लक्ष्य रखा है. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर के इतिहास में पहली बार प्रतिभाओं को मंच से स मान देने के लिए नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बाल विहार मैदान पर शाम छह बजे टीवी एक्टर नेहा मेहता और बड़ी सं या में संत-कथा वाचकों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभा स मान का आयोजन किया जा रहा है. इसको लेकर चयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है. इसमें अब तक 100 से अधिक प्रतिभाओं का नाम शामिल किया गया है. कार्यक्रम को लेकर नपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. सम्मान कार्यक्रम के साथ लकी ड्रा में तीन महिला और पुरुष को ईनाम दिया जाएगा.

# राजस्थान के मोस्ट वांटेड निकले तीनों बदमाश

## हत्या, हत्या के प्रयास, लूट और डकैती के कई मामले दर्ज, गिरफ्तारी से बचने के लिए हुए थे फरार

- युवक पर फायरिंग करने के बाद पकड़े गए थे आरोपी
- मंगलवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ आष्टा 3 फरवरी. एक दिन पहले गोलीबारी करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने जब गिरफ्तार कर उनकी आपराधिक कुंडली खंगाली तो पुलिस भी हैरान रह गई, क्योंकि 20 से 28 वर्ष की आयु के यह तीनों युवक राजस्थान के विभिन्न थानों के मोस्ट वांटेड अपराधी हैं. इनमें से एक के ऊपर तो हत्या एवं हत्या के प्रयास जैसे कई मामले दर्ज हैं. इसके अलावा लूट और डकैती व नशे का कारोबार जैसे कई मामलों में कई थानों की पुलिस को इनकी तलाश है.**

गौरतलब है कि सोमवार को इंदौर-भोपाल हाईवे पर ग्राम कचनारिया जोड़ के पास हुई गोलीबारी की घटना में गिरफ्तार तीनों आरोपी अमन उर्फ बाबर उर्फ सेवी, शहनवाज अंसारी उर्फ सोबू, विक्की उर्फ राजा अली निवासी कोटा राजस्थान के विरुद्ध संबंधित जिलों के थानों से आपराधिक इतिहास की जानकारी प्राप्त की गई. जांच में पाया गया कि तीनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती एवं नशे के कारोबार में संलिप्त होने जैसे गंभीर अपराध विभिन्न थानों में पंजीबद्ध हैं. जो वर्तमान हत्या कर गिरफ्तारी से बचने के लिए मध्यप्रदेश के गुना, भोपाल होते हुए इंदौर के लिए निकले और आष्टा थाना अंतर्गत की गई गोलीबारी की वारदात में दबोचे गए. इसी तरह आरोपी शहनवाज अंसारी उर्फ सोबू के विरुद्ध कोटा के थाना में हत्या का प्रयास, लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट के कुल 09 गंभीर प्रकरण पंजीबद्ध पाए गए हैं, जो वर्तमान में न्यायालय में लंबित हैं. तीसरे आरोपी विक्की उर्फ राजा के विरुद्ध थाना कोतवाली जिला बारा राजस्थान में वर्ष 2022 में धारा 307 आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट के कुल 2 प्रकरण पंजीबद्ध पाए गए हैं, जो न्यायालय में लंबित हैं.



### मुख्य आरोपी अमन उर्फ बाबर दुर्दांत किस्म का अपराधी

पुलिस द्वारा जुटाई गई जानकारी के अनुसार मुख्य आरोपी अमन उर्फ बाबर अत्यंत दुर्दांत एवं शातिर किस्म का अपराधी है. जिसके द्वारा कोटा एवं बारा जिले में एक दर्जन से अधिक गंभीर अपराध कारित किए गए हैं. आरोपी अमन के विरुद्ध हत्या के प्रयास के कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध हैं, वहीं थाना कोतवाली जिला बारा में वर्ष में हत्या का अपराध भी दर्ज है. उक्त हत्या की घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था तथा फरारी के दौरान ही पुन: थाना कोतवाली जिला बारा राजस्थान क्षेत्र में बंदूक से फायर कर हत्या के प्रयास की वारदात को अंजाम दिया गया. इस प्रकरण में भी आरोपी वर्तमान में फरार घोषित था. आरोपी अमन के विरुद्ध मप्र के श्योपुर थाना देहात में वर्ष 2023 में धारा 307 आईपीसी एवं 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत बंदूक के उपयोग से हत्या के प्रयास का प्रकरण भी पंजीबद्ध है, जिसमें आरोपी अमन की गिरफ्तारी होना शेष भी है. वर्तमान में आरोपी अमन थाना कोतवाली जिला बारा राजस्थान में वर्ष 2025 से हत्या एवं हत्या के प्रयास के मामलों में वांटेड है. संबंधित थानों को लंबित प्रकरणों में गिरफ्तारी के लिए सूचित किया गया है.

मामले में आष्टा पुलिस द्वारा जांच के दौरान तीनों आरोपियों से पूछताछ की गई तथा उनके स्थानीय निवास एवं आसपास के जिलों के थानों से संपर्क कर कड़ी मेहनत एवं परिश्रम से इन कुख्यात आरोपियों का विस्तृत आपराधिक रिकॉर्ड संकलित किया गया, जिसे थाना आष्टा में पंजीबद्ध हत्या के प्रयास के प्रकरण में संलग्न किया गया है. राजस्थान राज्य के विभिन्न थानों में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सभी संबंधित थानों को थाना आष्टा में हुई गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई है. न्यायालयीन प्रक्रिया के अनुसार अग्रिम कार्यवाही राजस्थान पुलिस द्वारा की जाएगी.

मंगलवार को आष्टा पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया. न्यायालय द्वारा तीनों आरोपियों का जेल भेजा गया. इस कार्यवाही में एसडीओपी प्रवीण चड़ोकर, थाना प्रभारी गिरिश दुबे, चौकी प्रभारी अमलाहा प्रेमसिंह ठाकुर, एएसआई सुभाष कटारे, दयाराम चोरे, संजय शर्मा, संजू चंद्रवंशी, अभिषेक गोस्वामी, महेंद्र राजपूत एवं गजराज की भूमिका रही.

### मोटर की केबल चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भैरुंदा.** पुलिस ने खेत से केबल चोरी करने वाले आरोपी को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गए केबल व अन्य सामग्री तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की हैं. जानकारी के अनुसार फरियादी किसान मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश पंवार पिता शंकरलाल पंवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम अतरालिया व रिछाड़िया कदीम के बीच श्रीहरिहरानंद वेयर हाउस के पास से मेरी दो ट्युबवेल की मोटर में लगी केबल, टार्च और पड़ोसी रामनिवास बाकरिया की केबल कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया.एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में पुलिस की टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी. जांच के दौरान एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. जिसने अपना नाम ग्राम बसंतपुर निवासी राज बारेला बताते हुए अपना जुर्म कबूल किया. आरोपी के कब्जे से चोरी गई 4 केबल व अन्य सामाग्री व घटना में प्रयुक्त बाइक जप्त की गई. उक्त सामान की कुल कीमती करीबन 60 हजार रुपए बताई गई है.

### 84 प्रकरण में लाखों की अवैध शराब जप्त

**सीहोर.** जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है. मामले में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस द्वारा जनवरी माह में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया है. इस दौरान कुल 84 प्रकरण दर्ज कर 87 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. इसके साथ ही कार्रवाई में 1021 लीटर देशी, अंग्रेजी एवं कच्ची मदिरा जब्त की गई. जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 76 हजार 645 रुपए है. साथ ही अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त एक बाइक एवं 3 कारें भी जब्त की गई हैं. पुलिस द्वारा सभी मामलों में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किए गए.

# इनसेंटिव घोटाला! पकड़ में आ सकती हैं अनेक बड़ी मछलियां

- अस्पताल के स्टोर इंचार्ज पर लगा लाखों के घपले का आरोप
- जिले के कई स्वास्थ्य केन्द्रों में भी ऐसे मामल हो सकते हैं

नवभारत न्यूज

**आष्टा 3 फरवरी.** आयुष्मान भारत योजना के तहत आष्टा में डॉक्टर्स और नर्सों को मिलने वाले इनसेंटिव घोटाले के सामने आने के बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया है. यह आष्टा का यह पहला मामला नहीं है जहां इस तरह से इनसेंटिव की राशि में हेराफेरी की गई है. इस मामले ने पूरे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सवालों के घेरे में ला दिया है.

आष्टा ही नहीं बल्कि जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाले इनसेंटिव में इस तरह के खेल होते आए हैं. आष्टा से पहले जावर का स्वास्थ्य केंद्र भी इसी तरह के मामलों से चर्चा में आया था. हालांकि बाद में मामला दबा दिया गया. यहां की जांच की जाए तो चौंकाने वाली अनेक स्थिति सामने आएंगी.

जावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न बिना ओटी और बिना सर्जन के करीब 2 करोड़ से ज्यादा की इनसेंटिव राशि मिलने का मामला आया था. यहां पदस्थ चिकित्सकों ने फर्जी ऑपरेशन और बड़ी बीमारियों के इलाज के नाम पर करोड़ों रुपए का इनसेंटिव लिया था. यदि वर्ष 2023 से 2025 तक के मामलों की गंभीरता से जांच की जाए तो पता चलेगा कि यह पूरा इनसेंटिव फर्जी तरीके से ऑपरेशन और अन्य तरह के उपचार को दिखाकर लिया गया




था, जबकि हकीकत में यहां इतने बड़े ऑपरेशन हुए ही नहीं हैं. इस पूरे मामले की जानकारी जुटाने के लिए आरटीआई एक्टिविस्ट भी आगे आए हैं, लेकिन अब तक उन्हें स्वास्थ्य विभाग ने आरटीआई के तहत जानकारी नहीं दी है.

इस पूरे मामले के खुलासे के बाद अधिकारी मामले में कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं. खुद बीएमओ ने मामले की जांच के लिए सीएमएचओ को लिखा था. विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि सीएमएचओ ने इस पूरे मामले की जांच के लिए आयुष्मान भारत के प्रांतीय कार्यालय में पत्राचार किया है, ताकि इस पूरे मामले की वरिष्ठ स्तर से जांच हो सके. यह भी चर्चा सरगर्म बनी है कि आष्टा में हुए इस मामले के साथ जावर के अस्पताल में हुए फर्जीवाड़े की जांच भी की जाएगी.

### बीएमओ व अकाउंटेंट की आईडी से जारी होती है राशि

गौरतलब है कि आयुष्मान योजना में जो इनसेंटिव राशि जारी होती है वह बीएमओ और एकाउंटेंट की आईडी से जारी की जाती है. ऐसे में आष्टा में आयुष्मान इनसेंटिव राशि के घोटाले में कई और नाम सामने आ सकते हैं. यदि जांच हुई तो पता चलेगा की 2017 से लेकर वर्ष 2023 तक बीएमओ और एकाउंटेंट की आईडी से ही यह राशि जारी की गई है. ऐसे में सवाल यह खड़ा होता है कि सिर्फ स्टोर इचार्ज यह राशि अपने रिश्तेदारों के खातों में कैसे ट्रांसफर कर सकता है. ऐसे में इस मामले में अन्य अधिकारियों की संलिप्तता भी सामने आ सकती है. यदि मामले की गंभीरता से जांच हो आष्टा के सरकारी अस्पताल में पदस्थ रहे अन्य अधिकारियों के नाम भी सामने आ सकते हैं.

## यूथ गेम्स में अनुष्का ने जीता गोल्ड मैडल

नवभारत न्यूज

**बुधनी 3 फरवरी.** एमपी खेलो यूथ गेम्स के तहत प्रदेश के विभिन्न संभागों में खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है. इसी कड़ी में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन उज्जैन में किया जा रहा है. जिसमें नगर की बेटी अनुष्का शिवहरे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर नगर और जिले का नाम रोशन किया है.

कुश्ती प्रतियोगिता में अनुष्का ने कड़े मुकाबलों के बीच अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया. अनुष्का की सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों, खेल प्रेमियों एवं मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं. लोगों



ने कहा कि अनुष्का की यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणादायक है और इससे युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा वह भी खेलों में प्रदेश का नाम रोशन करेंगे.

# छात्रों ने प्रभातफेरी के साथ दिया जागरुकता का संदेश

- वीआईटी में वार्षिक शिविर में हुए अनेक कार्यक्रम
- रासेयो स्वयंसेवकों ने गांव में दी भजनों की प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 फरवरी.** वीआईटी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक शिविर के दूसरे दिन ग्राम बोरखेड़ा में प्रभात फेरी के साथ की गई. इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा भजनों के गायन के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूकता संदेशों का प्रसार किया गया.

प्रभात फेरी के उपरांत सात दिवसीय एनएसएस वार्षिक




शिविर का समापन हुआ. इस मौके पर विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन, प्रो वाइस चांसलर डॉ. टीबी श्रीधरन, प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह वर्मा तथा सरपंच मानकुंवर बाई उपस्थित थे. उन्होंने ग्राम विकास, सेवा भावना एवं सामाजिक दायित्वों से जुड़े विषयों पर विचार व्यक्त किए. वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन ने ग्रामीणों को स्वच्छ एवं समृद्ध गांव के निर्माण हेतु प्रेरित किया. उन्होंने स्वास्थ्य की दृष्टि से गरम पानी पीने की सलाह दी तथा ग्रामीण बच्चों को विश्वविद्यालय की डिस्ट्रिक स्कीम से अवगत कराते हुए उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया. स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सामाजिक विषयों पर चार अलग-अलग जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया. इन रैलियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरुकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश ग्रामीणों तक पहुंचाया गया. सुश्री दीप्ति भोजवानी द्वारा ग्रामीण बच्चों को शिक्षण प्रदान किया गया. स्वयंसेवकों द्वारा शिवसती से शिव-पार्वती विषय पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजली गिरि आदि उपस्थित थे.

### आवासीय संस्थान में आनंद उत्सव आज

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव के निर्देशानुसार आनंद विभाग द्वारा 4 फरवरी को प्रात: 10:30 बजे आवासीय खेल परिसर में आनंद उत्सव का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा. जिसमें जिले के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रहेगी. नोडल अधिकारी आकाश गोयल ने बताया कि आनंद विभाग द्वारा अपील की गई है कि वे बड़ी संख्या में आनंद उत्सव में समिलित हों और आनंद एवं उत्साह की गतिविधियों में सहभागिता करें. आनंद उत्सव के संचालन के लिए सीईओ सर्जना यादव द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दायित्व सौंपे गए हैं.

धार्मिक

## भागवत कथा के समापन पर कराया पांच कन्याओं का सर्वजातीय नि:शुल्क विवाह

# प्रेम के आगे पराजित हुआ उद्धव का ज्ञान : जगद्गुरू

नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 फरवरी.** नगर के चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस समिति के तत्वाधान में सर्व जाति सामूहिक विवाह उत्सव मनाया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में कन्याओं विवाह पूर्ण विधि-विधान से किया गया.

भागवत कथा के अंतिम दिवस जगद्गुरु पं. अजय पुरोहित ने उद्धव और गोपियों के प्रेम और ज्ञान के संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि ज्ञानी उद्धव ब्रज की गोपियों का प्रेम देखकर सुध-बुध भूल गए. गोपियों के प्रेम के आगे उद्धव का ज्ञान हार गया.

मंगलवार को उन्होंने भगवान कृष्ण और उद्धव के सुंदर प्रसंग का वर्णन किया. इसे सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए. उन्होंने कहा कि एक समय भगवान श्री कृष्ण उदास बैठे थे, तभी उनके मित्र व परम भक्त उद्धव जी उनके पास आए और उनसे पूछा कि हे वासुदेव ऐसी कौन सी बात है, जिससे आप उदास हैं. तब श्री कृष्ण ने कहा कि हमें गोपियों की याद सता रही है. आप गोकुल जाओ और गोपियों को समझाओ कि कृष्ण जल्द गोकुल लौटेंगे. जब उद्धव ने गोपियों से श्रीकृष्ण प्रेम मोह छोड़ने की बात कही तो गोपियों ने कहा कि जिसे प्रेम का ज्ञान नहीं, वह ज्ञानी नहीं हो सकता. गोपियों का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अगाध प्रेम देख उद्धव का अभिमान चूर चूर हो गया.



शहर के छावनी स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस सभी के सहयोग से भव्य रूप से अनेक कन्याओं का एक साथ निशुल्क सामूहिक विवाह पूर्ण विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस मौके पर बड़ी सं या में क्षेत्रवासियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और कथा के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया.

### परिक्रमावासी बुजुर्ग की तबियत बिगड़ने से मौत

**बुधनी.** नर्मदा परिक्रमा यात्रा के दौरान नगर से निकल रहे परिक्रमावासी बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई. मृतक की पहचान 77 वर्षीय कल्याण सिंह निवासी डोंगर थाना विजयपुर जिला गुना के रूप में हुई है. कल्याण सिंह के साथी मिट्ठूलाल साहू निवासी नारखेड़ा जागीर अंतपुर जिला विदिशा ने पुलिस को बताया कि कल्याण सिंह को चक्कर आने के बाद वे गिर पड़े. उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मामले की सूचना पुलिस को दी गई. जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया एवं परिजनों को घटना की जानकारी दी. मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.